अमर उजाला 20/10/2023

बल्ले-बल्ले मुंडे पटियाला शहर दे... ने झुमाया

जीएमएन पीजी कॉलेज में आयोजित क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन पंजाबी गायक पम्मी बाई ने गायिकी से जमाया रंग

महोत्सव में गीत गाते मुख्यातिथि पंजाबी गायक पम्मी भाई, झूमतीं छात्राएं और अन्य। संवाद

क्षेत्रीय युवा महोत्सव में लावनी पर प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के जीएमएन पीजी कॉलेज में आयोजित 46वें क्षेत्रीय युवा महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत हरियाणा के प्रसिद्ध नृत्य रसिया डांस से हुई। रसिया डांस की प्रस्तुतियां देखकर दर्शक डांस के रंग में रंग गए। वहीं, महोत्सव के सायंकालीन सत्र में बतौर मुख्यातिथि मशहूर पंजाबी गायक और सांग राइटर परमजीत सिंह सिद्धू उर्फ पम्मी बाई ने बल्ले-बल्ले मुंडे पटियाला शहर दे... गीत गाकर महफिल लूट ली।

जैसे ही पम्मी बाई मंच पर आए तो सभी दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। पम्मी बाई ने मंच पर अपनी नई एल्बम के बारे में बताया। पम्मी बाई ने मंच पर प्रस्तुति देकर गए सभी प्रतिभागियों को बुलाया और कई गीत भी गाए। उन्होंने जग विच जीण दा स्वाद जिहा आ गया, लोकां दे चेरयां ते हंसदे आं गीत मेरे... गीत भी सुनाए। मंच पर सभी प्रतिभागी और दर्शक ढोल की थाप पर खूब झूमे।

इससे पहले दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्यातिथि महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी मुलाना के चांसलर तरसेम गर्ग व विशिष्ट अतिथि के तौर पर डीवाईसीए गुरचरण सिंह ने किया। मुख्यातिथि डॉ. तरसेम गर्ग ने युवा महोत्सव के आयोजन के लिए और महाविद्यालय के विकास के लिए 11 लाख रुपये दिए। मुख्यातिथि का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर जीएमएन कॉलेज प्रबंधक समिति प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता व अन्य प्रबंधक कमेटी के सदस्यों के साथ, कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने स्वागत किया।

गिद्दे के माध्यम से विदेश जा रहे युवाओं को दिया संदेश : पंजोखरा साहिब के श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज की छात्राओं ने गिद्दे की बेहतरीन प्रस्तुति दी। छात्राओं ने गिद्दे के माध्यम से पंजाबी कल्चर में बरात चढ़ाई दिखाई। साथ ही विदेशों में जा युवाओं को गहरा संदेश दिया। छात्राओं ने गिद्दे के माध्यम से दर्शाया कि आज के युवाओं में विदेशों में जाने की होड़ लगी हुई है। उन्होंने संदेश दिया कि अगर सभी युवा बाहर चले जाएंगे तो पंजाब की विरासत को कौन संभालेगा। उन्होंने आह्वान किया कि अपनी जगीरां ते जमीरां नू संभालो। इस प्रस्तुति को प्रोफेसर प्रवीन कौर, प्रोफेसर मनीषा मान ने तैयार करवाया।

जीएमएन कॉलेज में युवा महोत्सव में रसिया डांस की प्रस्तुति पर झूमते विद्यार्थी। संवाद

युवा महोत्सव में रसिया डांस की प्रस्तुति देते प्रतिभागी। संवाद

गौरी तोको रंग लगाऊंगा इबके इस फागण मैं...

जीएमएन कॉलेज की टीम फोक डांस जनरल में प्रस्तुति देने आई तो दर्शकों का जमावड़ा लग गया। दर्शक मोबाइल में उनकी प्रस्तुति को कैद करते दिखे। मेरा रंगला पंजाब...की प्रस्तुति की सभी ने सराहना की। इसी तरह एसए जैन कॉलेज ने ऐ गबरू देश पंजाब दे... पर अपनी प्रस्तुति दी। डीएवी कॉलेज शहर और एसडी कॉलेज छावनी ने मराठी लोक नृत्य लावनी पर प्रस्तुति से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इसके अलावा रसिया डांस में एसए जैन कॉलेज ने होली खेलण आओ श्याम ब्रिज में रंग गयो रसिया.., एसडी कॉलेज छावनी ने... गौरी तोको रंग लगाऊंगा इबके इस फागण मैं... पर प्रस्तुति दी।

भांगड़ा प्रस्तुत करते विद्यार्थी। संवाद

इन कॉलेजों की टीमें रही विजेता

क्लासिकल इंस्ट्रूमेंट सोलो : जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, राजकीय कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला द्वितीय, एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय।

रसिया हरियाणवी ग्रुप डांस : एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी द्वितीय, एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय।

डेक्लामेशन इन संस्कृत : एमडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, एमपीएन कॉलेज मुलाना द्वितीय, राजकीय कॉलेज अंबाला छावनी तृतीय।

हरियाणवी हिंदी स्किट : एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय, राजकीय कॉलेज नारायणगढ़ तृतीय रहा।

ग्रुप सॉन्ग हरियाणवी : एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय, एमडीएसडी कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय।

मिमिक्री : जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, राजकीय कॉलेज नारायणगढ़ द्वितीय, एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय।

फोक इंस्ट्रूमेंटल हरियाणवी सोलो : जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय, एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय।

क्ले मॉडलिंग : एसडी कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय, राजकीय कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला तृतीय।

कोलाज : आर्य गर्ल्स कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, राजकीय महिला कॉलेज शहजादपुर द्वितीय, श्री गुरु हरकृष्ण साहिब खालसा कॉलेज पंजोखरा साहिब तृतीय रहा।

मेहंदी : एसए जैन कॉलेज अंबाला सिटी प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला कैंट द्वितीय, डीएवी कॉलेज अंबाला सिटी तृतीय रहा।

कार्टूनिंग : राजकीय कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, राजकीय कॉलेज महिला शहजादपुर द्वितीय, राजकीय कॉलेज सेक्टर-1 पंचकूला तृतीय रहा।

वन एक्ट प्ले : जीएमएन कॉलेज अंबाला छावनी प्रथम, एसडी कॉलेज अंबाला छावनी द्वितीय रहा।